तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 30 हितग्राहियों को मिला गृह प्रवेश का प्रमाण पत्र



## खबर संक्षेप

### तालाब और मंदिरों में चला स्वच्छता अभियान

**अनूपपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बिजुरी नगर पालिका एवं भाजपा मंडल बिजुरी द्वारा सोमवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वार्ड क्रमांक 10 स्थित तालाब, दुर्गा मंदिर एवं विश्वकर्मा मंदिर परिसर में सफाई कार्य किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका कर्मियों ने श्रमदान कर तालाब किनारे फैली गंदगी, कचरा और झाड़ियों को हटाया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई करना है, बल्कि स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। आयोजकों का कहना है कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है।

### विकसित भारत थीम पर लगी छायाचित्र प्रदर्शनी

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर देशभर में हर्षोल्लास का माहौल रहा। इसी अवसर पर जनसंपर्क विभाग मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा मनेन्द्रगढ़ के भगत सिंह चौक पर में आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा एवं विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के जीवन से लेकर राष्ट निर्माण तक की दिखाई गई झलक प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक की जीवन यात्रा तथा राष्ट के प्रति उनके योगदान को रोचक और प्रेरक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

### बिना हेलमेट के किसी चालक को पेट्रोल नहीं दिया जाए : महंत

# जल जीवन मिशन के कार्यों पर सांसद ज्योत्सना ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई।

■ दिशा समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक-एक रूपए का सही उपयोग हो तथा सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हों, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद महंत ने



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेती सांसद ज्योत्सना महंत।

जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं और अपने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से रखें। स्कूल, राशन दुकान, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र आदि का नियमित निरीक्षण कर समस्याओं की सूची बनाकर संबंधित अधिकारियों व कलेक्टर को दें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंच सके। बैठक में उन्होंने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और कहा कि यदि इसी तरह की कार्यशैली रही तो समय पर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना कठिन होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। सांसद श्रीमती महंत ने गर्भवती महिलाओं को कोरिया मोदक लड्डू वितरण की पहल की सराहना की और कहा कि इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। उन्होंने इसे उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। सांसद श्रीमती महंत ने बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे को निर्देश दिया कि जिले में दुपहिया चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाए। साथ ही पेट्रोल पंपों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि बिना हेलमेट के किसी चालक को पेट्रोल नहीं दिया जाए।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सांसद को जिले में चल रहे अभियानों व नवाचारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान ⏭ शेष पेज 4 पर

# प्लास्टिक मुक्त पहल: मझगवां में थैला और ठोंगा निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के सहयोग से सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मझगवां में थैला एवं ठोंगा निर्माण योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत बिहान से जुड़ी महिलाओं को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत 35 महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। उनके द्वारा तैयार किए गए कागज के थैले एवं ठोंगे जिले के विभिन्न बाजारों में उपलब्ध कराए जाएंगे, जो प्लास्टिक का बेहतर और पर्यावरण अनुकूल विकल्प साबित होंगे। प्रदेशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे अभियान के तहत मझगवां में यह गतिविधि


निर्माण कार्य में जुटी महिलाएं।

शुरू हुई। महिलाओं को पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और वे स्थानीय स्तर पर लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं।

सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लटमा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को शत-प्रतिशत प्लास्टिक मुक्त करने की तैयारी भी तेज हो गई है। आगामी दिनों में यहां केवल पेपर बैग का ही उपयोग होगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि कोरिया अपनी हरियाली और प्रकृति के लिए अलग पहचान रखता है।

## झाड़ू लगाकर की स्वच्छता अभियान की शुरूआत

**अनूपपुर।** प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अमरकंटक के नर्मदा नदी परिसर रामघाट में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने आमजन से आह्वान किया कि सभी नागरिक मंदिर, बावड़ी, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। प्रभारी मंत्री के साथ राजस्व, वन, पुलिस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला




स्व-सहायता समूह की दीदियों तथा आम नागरिकों ने भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान सभी ने सामूहिक रूप से नर्मदा परिसर की सफाई कर स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण बनाने का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जनसहभागिता से ही सफल बनाया जा सकता है।

### शासकीय सेवक ई-केवाईसी कार्य 30 तक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने निर्देश दिए हैं कि जिले के समस्त शासकीय सेवकों का ई केवाईसी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। कोषालय शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त विभाग, छग शासन द्वारा जारी आदेश के तहत सभी शासकीय सेवकों को पोर्टल के माध्यम से अपने व्यक्तिगत विवरण दर्ज कर ई केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके लिए विभाग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (शॉप) भी जारी की गई है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि 30 सितंबर तक हर हाल में यह कार्य अनिवार्य रूप से किया जाए, अन्यथा भविष्य में वेतन भुगतान सहित अन्य प्रशासनिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## गर्ल्स कालेज में छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली प्रायोजित तथा संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के बैनर तले शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 300 छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने भाग लिया। इस अवसर पर



सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, बिक्की राम, सुमित मिश्रा, मो. अमजद, विनय कुमार गुप्ता, विजय कुमार, ⏭ शेष पेज 4 पर



